# प्रेस नोट दिनांक 29.08.2025 जनपद प्रतापगढ़

## थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ ।

25 हजार रुपये के इनामिया शातिर अभियुक्त शैलेन्द्र सिंह उर्फ भगत एसटीएफ प्रयागराज द्वारा गिरफ्तार

पुरानी रंजिश को लेकर हमला करने वाला फरार अभियुक्त कानपुर देहात से दबोचा गया

एसटीएफ प्रयागराज की बड़ी कार्रवाई – जानलेवा हमले का अभियुक्त की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा घोषित इनामी अभियुक्त पर शिकंजा, एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

जनपद प्रतापगढ़ थाना दिलीपपुर के बहुचर्चित मुकदमे का इनामी आरोपी गिरफ्तार

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 18.06.2025 को वादी वादी ग्राम नौहर हुसैनपुर थाना दिलीपपुर द्वारा थाना दिलीपपुर पर तहरीर दी है कि उसके गांव के नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर कट्टा, बांका, कुल्हाडी, लोहे की राड एवं लाठी डण्डे से लैस होकर वादी के दरवाजे पर आये। गाली- गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से कट्टा से फायर किये एवं कुल्हाड़ी, लोहे की राड व लाठी डण्डा से हमला कर दिए। जिससे कुछ लोग घायल हो गये थे। वादी ग्राम नौहर हुसैनपुर थाना दिलीपपुर की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 108/25 धारा 191 (2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3), 109(1), 110, 288 बीएनएस 2023 व 7 सीएलए एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

दिनांक 29.08.2025 को एसटीएफ फील्ड यूनिट प्रयागराज उ0नि0 रणेन्द्र कुमार सिंह, मय हमराह हे0का0 अजय कुमार यादव, हे0का0 किशन चन्द, हे0का0 सन्तोष कुमार चालक का0 रविकान्त सिह द्वारा मु0अ0सं0 108/25 धारा 191 (2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3), 109(1), 110, 288 बीएनएस 2023 व 7 सीएलए एक्ट थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ में वाँछित 25 हजार रूपये का इनामिया 02 अभियुक्त 1. शैलेन्द्र सिंह उर्फ भगत पुत्र स्व० अमंर सिंह निवासी ग्राम नौहर हुसैनपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना बरौर जनपद कानुपर देहात से गिरफ्तार किया गया।

-एसटीएफ टीम प्रयागरा द्वारा दिनांक 29.08.2025 को इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस एवं अन्य सूचना के क्रम में थाना बरौर जनपद कानुपर देहात से गिरफ्तार किया गया।

-पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ ड़ाॅ0 अनिल कुमार महोदय द्वारा शातिर अभियुक्त 1. शैलेन्द्र सिंह उर्फ भगत पुत्र स्व० अमंर सिंह निवासी ग्राम नौहर हुसैनपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम:-
शैलेन्द्र सिंह उर्फ भगत पुत्र स्व० अमंर सिंह निवासी ग्राम नौहर हुसैनपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़

गिरफ्तारी पुलिस टीम-
एसटीएफ फील्ड यूनिट प्रयागराज टीम उ0नि0 रणेन्द्र कुमार सिंह, मय हमराह हे0का0 अजय कुमार यादव, हे0का0 किशन चन्द, हे0का0 सन्तोष कुमार चालक का0 रविकान्त सिह।

**थाना मानिकपुर**

थाना मानिकपुर पुलिस की बड़ी सफलता : ज्वैलर्स की दुकान से चोरी करने वाले तीन अभियुक्त/अभियुक्ताओं को चोरी के माल व नकदी सहित गिरफ्तार

एसपी प्रतापगढ़ डॉ० अनिल कुमार के निर्देशन में मानिकपुर पुलिस की बड़ी सफलता
ज्वैलर्स की दुकान से चोरी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार, चोरी का सोना व नकदी बरामद
प्रतापगढ़ पुलिस का त्वरित एक्शन – 22 हजार रुपये नकद व सोने के आभूषण सहित तीन अभियुक्त/अभियुक्ताएं दबोचे गए
मानिकपुर क्षेत्र में हुई ज्वैलर्स शॉप चोरी का खुलासा, तीन आरोपी चित्रकूट जनपद से निकले
सोने के आभूषण चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार
पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में टीम की त्वरित कार्रवाई, चोरी का सामान बरामद
प्रतापगढ़ पुलिस की सक्रियता से वादी को मिला चोरी हुआ सोना व नकदी वापस

दिनांक 28.08.2025 को थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत अलीगंज चौराहे पर स्थित गायत्री ज्वैलर्स की दुकान से एक पुरुष व दो महिलाओं द्वारा सोने के आभूषण चोरी करने की सूचना डायल 112 के माध्यम से प्राप्त हुई।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ० अनिल कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना मानिकपुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। सूचना पर थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल एक पुरुष व दो महिलाओं को मौके से ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों की जामा तलाशी में चोरी किया गया सोने का सामान एवं नकदी बरामद हुई। बरामद आभूषण व नकदी को मौके पर ही वादी द्वारा तस्दीक किया गया, जो उसकी दुकान से चोरी किया गया सामान पाया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ताओं का विवरण:-
संतकुमार उर्फ गोलू त्रिपाठी पुत्र रंजीत कुमार त्रिपाठी निवासी ग्राम रसिन बदौसा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट (उम्र करीब 26 वर्ष)
सरस्वती देवी पत्नी रामबाबू निवासी ग्राम कफसेटी थाना कर्वी जनपद चित्रकूट (उम्र करीब 36 वर्ष)
काजल पुत्री बब्बू निवासी ग्राम कफसेटी थाना कर्वी जनपद चित्रकूट (उम्र करीब 19 वर्ष)

बरामदगी:-
04 जोड़ी सोने की छोटी बालियां
01 जोड़ी सोने की बड़ी बालियां
01 अदद सोने का गले का लॉकेट
नकद ₹22,000/-

मुकदमा पंजीकरण:
इस संबंध में थाना मानिकपुर पर मु0अ0सं0 169/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस 2023 में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा०न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तारी पुलिस टीम:-
उ0नि0 संजय कुमार मय हमराह
उ0नि0 संतोष कुमार यादव मय हमराह
का0 मनोज कुमार यादव
का0 दर्वेश कुमार
म0का0 वंदना चौहान
म0का0 पूजा सोनी

**थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़**
एसपी प्रतापगढ़ डॉ० अनिल कुमार के निर्देशन में बड़ी सफलता – 03 जिंदा देशी बम सहित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़ पुलिस का अभियान : विस्फोटक सामग्री के साथ एक शातिर गिरफ्तार

थाना महेशगंज पुलिस की कार्रवाई – मुखबिर की सूचना पर देशी बम बरामद

एसपी प्रतापगढ़ के निर्देश पर सक्रिय पुलिस, विस्फोटक अधिनियम में अभियोग पंजीकृत

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष महेशगंज श्री मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 प्रभाशंकर सचान मय हमराहीगण उ0नि0 अखिलेश कुमार व का0 रामप्रकाश यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र महेशगंज के चितामनपुर मोड़ पटना-पूरे झाऊ नहर मार्ग के पास से 01 अभियुक्त अनिल गौतम पुत्र स्व० रामसुन्दर गौतम निवासी ग्राम पिपरी कुशहा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 39 वर्ष को 03 अदद जिन्दा देशी बम नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के पास से 03 अदद जिन्दा देशी बम नाजायज की बरामदगी के संबंध में थाना महेशगंज में मु0अ0सं0 183/25 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
अनिल गौतम पुत्र स्व० रामसुन्दर गौतम निवासी ग्राम पिपरी कुशहा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 39 वर्ष

बरामदगी-
03 अदद जिन्दा देशी बम नाजायज।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 प्रभाशंकर सचान मय हमराहीगण उ0नि0 अखिलेश कुमार व का0 रामप्रकाश यादव थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़।

**थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़।**

पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में थाना फतनपुर पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, चोरी का 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल ओप्पो बरामद-

अभियुक्त को थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत चांदपुर जामताली मोड़ के पास पुलिया से गिरफ्तार किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 23.07.2025 को वादी निवासी चन्देलेपुर, जनपद प्रतापगढ़ की माता अपने घर के बरामदे में सो रही थीं। प्रातः उठने पर उन्होंने देखा कि उनका मोबाइल फोन गायब है, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा

चोरी कर लिया गया है। जिसके संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 160/2025 धारा- 303 (2) BNS बनाम अज्ञात का पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी फतनपुर श्री राजेन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 विकास निषाद मय हमराह का0 अंकित खरवार देखभाल क्षेत्र, संदिग्ध व्यक्ति, वाहन एवं तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0अ0सं0 160/2025 धारा- 303 (2) BNS बीएनएस थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित अभियुक्त सुशील यादव पुत्र सीताराम यादव नि०ग्राम पूराडीह थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष को चोरी का 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल ओप्पो के साथ थाना फतनपुर क्षेत्रान्तर्गत चांदपुर जामताली मोड़ के पास पुलिया से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल ओप्पो बरामद किया गया, जिसके संबंध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
सुशील यादव पुत्र सीताराम यादव नि०ग्राम पूराडीह थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी-
चोरी का 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल ओप्पो बरामद

पुलिस टीम-
उ0नि0 विकास निषाद मय हमराह का0 अंकित खरवार थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़।

**<u>थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।</u>**
थाना लीलापुरपुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लीलापुर के उ0नि0 रामनरेश मय हमराह का0 पवन कमार के द्वारा जांच प्रार्थना पत्र, देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, केश स0 3821/20 सम्बन्धित मु0अ0स0 81/86 धारा 392 भादवि थाना लीलापुर, प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त सर्वेश कुमार पुत्र राममनोहर दूबे निवासी मोती का पुरवा कोठारमंगोलपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
सर्वेश कुमार पुत्र राममनोहर दूबे निवासी मोती का पुरवा कोठारमंगोलपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ।

पुलिस टीम-
उ0नि0 रामनरेश मय हमराह का0 पवन कमार थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़।

**थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।**

थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मानिकपुर के उ0नि0 अचिन्त्य शुक्ल मय हमराह का0 नरेन्द्र यादव व का0 संजीव कुमार के द्वारा जांच प्रार्थना पत्र, देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 436/2017 धारा 498ए, 323, 504, 506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना मानिकपुर से संबंधित 01 वारंटी अभियुक्त मो0आरिफ पुत्र मो0 मुस्तफा उम्र करीब 38 वर्ष निवासी जमुनीपुर थाना होलागढ जनपद प्रयागराज को लालगोपालगंज कस्बा थाना नबाबगंज जनपद प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
मो0आरिफ पुत्र मो0 मुस्तफा उम्र करीब 38 वर्ष निवासी जमुनीपुर थाना होलागढ जनपद प्रयागराज

पुलिस टीम-
उ0नि0 अचिन्त्य शुक्ल मय हमराह का0 नरेन्द्र यादव व का0 संजीव कुमार थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़।